आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 13.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- हरिद्वार की मंगलौर और चमोली जिले की बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम के अन्तर्गत लंबित मामलों का समयबद्धता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा– सरकार गांवों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए डेढ़ लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र विकसित कर रही है।
- गृहमंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

## उपचुनाव

हरिद्वार की मंगलौर और चमोली जिले की बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। परिणामों में भाजपा दूसरे स्थान पर रही, जबकि हरिद्वार से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे। मंगलौर सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार काजी निजामुद्दीन को 31 हजार 710 वोट और भाजपा के उम्मीदवार करतार सिंह भड़ाना को 31 हजार 261 मत मिले। तीसरे नंबर पर रहे बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार उबेर्दुर रहमान को 19 हजार 559 वोट मिले हैं, जबकि नोटा को 237 मत पड़े। उधर, चमोली जिले में बद्रीनाथ विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार लखपत बुटोला को 27 हजार 696 वोट, भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र भंडारी को 22 हजार 991 वोट और नोटा को 823 मत पड़े। गौरतलब है कि कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के इस्तीफा देने के बाद बद्रीनाथ विधानसभा सीट खाली हो गई थी। वहीं, पिछले साल अक्टूबर में बसपा के विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद मंगलौर सीट खाली हुई थी।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम के अन्तर्गत लंबित मामलों का समयबद्धता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। श्री धामी ने आज देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय सतर्कता और अनुश्रवण समिति की बैठक में एससी और एसटी से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए न्यायालयों में नियमित पैरवी करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को इस बैठक का आयोजन हर 06 माह में करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी बैठकों में एससी और एसटी आयोग के अध्यक्षों को भी विशेष सदस्य के रूप में आमंत्रित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन लगाने की व्यवस्था का सरलीकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एससी व एसटी वर्ग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को एक ही प्लेटफार्म पर मिले, इसके लिए एकीकृत व्यवस्था बनाने को भी कहा।

## आयुष्मान भारत

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजनाएं अपने इच्छित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर रही हैं। नई दिल्ली में कल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री नड्डा ने इन योजनाओं की समीक्षा की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं और इनसे लगभग 7 करोड़ से अधिक अस्पताल में प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई है।

## रिपोर्ट जारी

नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्य–एसडीजी 2023–24 की रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में उत्तराखंड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश मे पहला स्थान हासिल किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के विकासोन्मुखी प्रयासों से आज उत्तराखण्ड अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ा है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (SDG INDEX) 2023–2024 की रिपोर्ट में उत्तराखण्ड का शीर्ष स्थान प्राप्त करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार इकोलॉजी और इकोनॉमी के समन्वय के साथ विकसित उत्तराखण्ड की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। राज्य में पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करते हुए प्रदेश का सर्वांगीण विकास करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## लीसा बरामद

अल्मोड़ा में रानीखेत मोहान मार्ग पर सोनी गांव के पास वन विभाग ने चेकिंग के दौरान एक वाहन से 101 टिन अवैध लीसा बरामद किया है। वन क्षेत्राधिकारी तापस मिश्रा ने बताया कि विभाग अवैध लीसा को लेकर चेकिंग अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध लीसा के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि सरकार गांवों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए डेढ़ लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र विकसित कर रही है। देशभर में फैले इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में करोड़ लोगों की कैंसर के लिए जांच की जा चुकी है। केंद्र सरकार देश के हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। राज्यपाल ने आज ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में आयोजित 'क्लोज द केयर गैप' कार्यक्रम में ये बाते कहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने देशभर में लगभग 40 विशेष कैंसर संस्थानों को मंजूरी दी है, जिनमें से कई अस्पतालों ने सेवाएं देना शुरू भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि कैंसर से डरने की नहीं, उससे लड़ने की ज़रूरत है। इसका इलाज संभव है।

देश में जन औषधि केंद्रों के विस्तार पर जोर देते राज्यपाल ने कहा कि आज इन केंद्रों पर कैंसर समेत अन्य बिमारियों की दवाइयां बहुत कम कीमत पर मिल रही हैं। कैंसर की दवाओं की कीमतों में करीब–करीब 90 प्रतिशत की कमी की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर मरीज को समय पर और कम से कम परेशानी के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें।

## वाइब्रेंट विलेज

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए आज नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान श्री शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार देश के सीमावर्ती गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और सीमावर्ती गांवों से पलायन को रोकने के लिए सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री शाह ने कहा, सीमावर्ती गांवों के आसपास तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सेना को सहकारी समितियों के माध्यम से स्थानीय कृषि और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीद को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा, आसपास के गांवों के निवासियों को सेना और सीएपीएफ के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए।

## चंपावत आपदा

चंपावत जिले में 8 जुलाई को हुई भारी बारिश के बाद अब हालात सामान्य हो रहे हैं। जिला प्रशासन लगातार प्रभावित स्थानों पर नुकसान का आकलन करने में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में राहत राशि वितरित कर दिया गया है और टनकपुर तहसील में भी राहत सामग्री बांटने का काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। आकाशवाणी से बातचीत में जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा से दो हजार परिवार प्रभावित हुए हैं।

नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी

श्री बदरीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी भगवान बद्री विशाल की पूजा–पाठ का जिम्मा संभालेंगे। आदि गुरू शंकराचार्य के कालखंड से अभी तक 20 रावल धाम में पूजा–अर्चना का दायित्व निभा चुके हैं। बदरी केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि कल निवर्तमान रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी अपने कार्यकाल की प्रातः काल को संपादित होने वाली पूजा संपन्न करेंगे, उसके बाद नये प्रभारी रावल अमरनाथ नंबूदरी को आशीर्वाद मंत्र तथा स्वर्ण छड़ी सौपेंगे।

कांवड यात्रा

कांवड़ यात्रा आगामी 22 जुलाई से शुरू हो रही है। इस साल बड़ी संख्या में कांवड़ियों के आने की उम्मीद है। यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस तैयारियों में जुटी हुई है। कांवड़ मेले से जुड़ी जानकारी का प्रचार करने के लिए पुलिस की कई टीमें विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हो गई हैं। ये टीमें कांवड़ मार्गों पर पंपलेट बांटने के साथ ही बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर कांवड़ से जुड़े पंपलेट चिपकाएंगी। पंपलेट में कांवड़ यात्रा से जुड़े रूट की जानकारी, दिशा–निर्देश और क्यूआर कोड दिया गया है। क्यूआर कोड को स्कैन करके शिवभक्त आसानी से कांवड़ मेले से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकेंगे।

आयकर विभाग

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए प्रत्यक्ष कर के रूप में छह लाख 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक कर एकत्र किये हैं। इस महीने की 11 तारीख तक 70 हजार 902 करोड़ रुपये की कर वापसी जा चुकी है। आयकर विभाग ने बताया है कि कुल संग्रह राशि में दो लाख 65 हजार 336 करोड़ रुपये कॉर्पोरेट कर, तीन लाख 61 हजार 862 करोड़ रुपये व्यक्तिगत आयकर और एक हजार 426 करोड़ रुपये अन्य कर शामिल हैं। पूर्ण प्रत्यक्ष कर संग्रह में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो पांच लाख 74 हजार करोड़ रुपये से अधिक है।